अमर उजाला
25-11-2023

शोध की गुणवत्ता आज के समय की मांग : डॉ. दीपेंद्र

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शोध की गुणवत्ता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संसाधन व्यक्ति के रूप में एजुकेशनल रेगुलेशन कमेटी फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दीपेंद्र सिंह, विकास शर्मा व डॉ. प्रताप सिंह जादौन निदेशक डिवाइन इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ग्वालियर उपस्थित रहे।

डॉ. दीपेंद्र सिंह ने कहा कि शोध में गुणवत्ता का होना आवश्यक है, क्योंकि शोध से समाज को नई दिशा मिलती है। इससे व्यवस्था को सुगम व प्रभावी बनाया जा सकता है। डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि आज के समय में शोध प्रकाशन की गुणवत्ता पर ध्यान देना परम आवश्यक है। डॉ. प्रताप सिंह जादौन ने कहा कि शोध निष्कर्षों की उत्कृष्टता तथा उपयोगिता पर ध्यान दिया जाना बेहद जरूरी है। मुख्य अतिथियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। संवाद

मुख्य अतिथि का स्वागत करते प्राचार्य। संस्था